कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली

(शिक्षा भवन, दिग्धीकला, हाजीपुर)
रविन्द्र कुमार, बि०शि०से०
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।
मोबाईल नं0–8544412079
हाजीपुर, वैशाली–844102
E-mail Id.-deovaishali.edn@gmail.com,deo-vaishali@bihar.gov.in

पत्रांक–884

सेवा में,

सभी प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक,
सभी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय,
जिला–वैशाली।

हाजीपुर, दिनांक–06/05/26

विषयः– विद्यालय परिसर एवं वर्ग–कक्षों में उच्च गुणवत्तापूर्ण CCTV कैमरा अधिष्ठापित करने के संबंध में अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु प्रथम स्मार।

प्रसंगः– कार्यालय आदेश ज्ञापांक–559, दिनांक–16.03.2026।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के माध्यम से आप सभी को स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि विद्यालय के सभी वर्ग–कक्षों, प्रधानाध्यापक कक्ष, शिक्षक सदन (Staff Room) एवं विद्यालय परिसर में उच्च गुणवत्तापूर्ण CCTV कैमरा (Video & Audio Recording तथा Internet सुविधा युक्त) लगवाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, इसका अनुपालन प्रतिवेदन 7 दिनों के अंदर संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया था। अत्यंत खेद का विषय है कि निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के बावजूद अभी तक किसी भी विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा उक्त निर्देश का अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराया गया है। यह आपके कार्य के प्रति घोर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता एवं वरीय पदाधिकारी के आदेशों की अवहेलना को स्पष्ट रूप से दर्शाती है, जो कि अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है।

उक्त के आलोक में आप सभी को स्मारित करते हुए पुनः निर्देश दिया जाता है कि आगामी 07 (सात) दिनों के अंदर अपने–अपने विद्यालयों में CCTV कैमरा अधिष्ठापित करवाते हुए उसका अनुपालन प्रतिवेदन संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। इस पर होने वाले व्यय का भुगतान विद्यालय के विकास कोष/ छात्र कोष से नियमानुसार किया जाएगा।
इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें। निर्धारित समय सीमा के अंदर प्रतिवेदन प्राप्त नहीं होने की स्थिति में संबंधित प्रधानाध्यापक के विरुद्ध विभागीय एवं अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

विश्वासभाजन

6-5-26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

ज्ञापांकः–884 हाजीपुर दिनांकः–06/05/26

प्रतिलिपिः–सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी/सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी,जिला–वैशाली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– जिला पदाधिकारी,वैशाली की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

6-5-26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।